# नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

वास्तुकला एवं नियोजन विभाग
मुख्य प्रशासनिक भवन सेक्टर–6, नौएडा(उ0प्र0)

संख्या :– नौएडा/(मु0वा0नि0)/2022/III-272/256/
दिनॉक :– 14/03/22

## नोटिस

**M/s. Nexgen Infracon Pvt. Ltd.**
**B-66, 1st Floor, Vivek Vihar**
**Delhi-110095**

**विषयः– ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जी0एच0–01/ए, सैक्टर–78, नौएडा नौएडा के अधिभोग प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।**

आपके द्वारा ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जी0एच0–01/ए, सैक्टर–78, नौएडा के टॉवर संख्या टी–2 के अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु दिनाँक 07.04.2021 को आवेदन किया गया है, जिसके आधार पर प्रस्तुत प्रपत्रों/समापन मानचित्रो की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण करने के उपरान्त समायोजना शुल्क एवं अन्य वांछित प्रपत्रों को जमा कराने हेतु दिनाँक 12.07.2021 को पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें आपके द्वारा अदेयता एवं समयवृद्धि पत्र वर्तमान तक जमा नहीं किया गया है तथा टॉवर संख्या टी–03 के अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु दिनाँक 07.10.2021 को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसमें आपको वांछित प्रपत्रों को जमा करने हेतु दिनाँक 18.10.2021 को सूचित किया गया है। किन्तु आपके द्वारा अद्यतन उक्त दोनो आवेदनो की समस्त आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि टॉवर संख्या टी–02 एवं टी–03 के अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु सूचित आपत्तियों का निराकरण कर प्राधिकरण को सूचित करें, अन्यथा नौएडा भवन विनियमावली–2010(यथा संशोधित) के प्रस्तर संख्या–20.1.1 के प्राविधानो के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

महाप्रबन्धक(नियोजन)
नौएडा 14/03/2022